## खबर संक्षेप



### बसाड़ी पहुंचे विधायक, क्षेत्र विकास का दिया भरोसा

**बड़वारा।** विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने क्षेत्र की जनता का आभार प्रदर्शन करने बसाड़ी ग्राम पहुंचे जहां पर ग्राम एवम आसपास के लोगों ने स्वागत किया। बड़वारा विधायक ने सभी का आभार व्यक्त किया एवम क्षेत्र के विकास में पूरा सहयोग करने का भरोसा दिलाया। विधायक ने उपस्थितजनो से रूबरू हुए बुजुर्गों को नमन कर आशीर्वाद लिया वहीं बच्चों को दुलार किया। युवाओं को धन्यवाद किया। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### राज्य एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा हेतु केंद्राध्यक्ष नियुक्त

**कटनी।** राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का आयोजन रविवार 17 दिसंबर को कटनी मुख्यालय स्थित 06 परीक्षा केन्द्रों में प्रातः 10 से 12 एवं द्वितीय पाली दोपहर 02:15 से 04: 15 बजे तक दो सत्रों में किया जाना है। आयोजित परीक्षा में 1953 अभ्यर्थी शामिल होंगे। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा पारीक्षा केन्द्रों हेतु केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किये गए है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार परीक्षा केन्द्र क्रमांक 4/1 शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज झिंझरी कटनी हेतु डॉ एन.बरखेरकर प्राचार्य, केन्द्र कमांक 4/2 शासकीय मॉडल हायर सेकेडरी स्कूल झिंझरी कटनी हेतु अजय शंकर पाण्डेय उप प्राचार्य, केन्द्र क्रमांक 4/3 बार्डस्ले इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल मिशन चौक कटनी हेतु श्री अतुल अनुपम अब्रहम प्राचार्य, केन्द्र कमांक 4/4 नालंदा हायर सेकेंडरी स्कूल सिविल लाईन हेतु श्रीमती शोभना सिंह, केन्द्र क्रमांक 4/5 शासकीय तिलक कॉलेज खिरहनी हेतु डॉ एस.के.खरे प्राचार्य तथा केन्द्र कमांक 4/6 शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय माधवनगर कटनी हेतु श्रीमती संध्या बेन उच्चतर माध्यमिक शिक्षक को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया है।

### शासकीय भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**कटनी।** रीठी - बहोरीबन्द में सरकारी जमीनों से अतिक्रमण नहीं हटने की जानकारी मिलनें पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा अतिक्रमण के मामले को संज्ञान में लेते हुए नायब तहसीलदार बिलहरी को मामले की जॉच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देशों के परिपालन में नायब तहसीलदार द्वारा ग्राम बिरुहली प.ह.न. 36 रा.नि.म. बिलहरी अंतर्गत पारित आदेश के परिपालन में गठित दल एवं पुलिस बल के साथ बेदखली की कार्यवाही हेतु मौके पर उपस्थित अनावेदक को समझाईश दी गई। जिसके उपरान्त अनावेदक एवं इनकी परिवारगण द्वारा खम्बा, बल्ली, तार, टिनशेड आदि के द्वारा किये गए कब्जे को हटाकर स्थल को अतिक्रमण मुक्त किया गया। मौके पर ग्राम पंचायत को वाद ग्रस्त स्थल पर कब्जा प्रदान किया गया। वाद ग्रस्त स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराने के पश्चात मौके का पंचनामा तैयार किया गया है।

### मातृ वंदना योजना गर्भवती माताओं के लिए फायदेमंद

**कटनी।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मजदूरी करने वाली गर्भवती महिलाओं को मजदूरी के नुकसान की भरपाई करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई है। मातृत्व वंदना योजना में मजदूरी करने वाली गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य में सुधार और उनकों नगदी प्रोत्साहन के माध्यम से अधीन पोषण के प्रभाव को कम करना है। योजना के लाभ की राशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी के बैंक खाते में स्थानांतरित की जाती है। योजना में गर्भवती महिलाओं को पहली किस्त के रूप में एक हजार रूपए पंजीकरण के समय दी जाती है। दूसरी किस्त दो हजार रूपए 6 माह की गर्भावस्था के बाद और तीसरी किस्त बच्चे के जन्म के बाद इस प्रकार कुल 5 हजार की सहायता गर्भवती महिलाओं को दी जाती है।

---

### बिलहरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करहिया में हुआ दर्दनाक हादसा, कार्यवाही में जुटी पुलिस

# बाइक सवारों को डंपर ने रौंदा, दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना की बिलहरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत करहिया मोड के पास गुरूवार दोपहर लगभग 12 बजे तेज गति से भाग रहे एक डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि घटना स्थल पर ही बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद 100 डायल ने मौके पर पहुंच कर हादसे का शिकार हुए दोनों युवकों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम हथकुरी निवासी 30 वर्षीय अजय यादव पिता जगदीश यादव अपने एक अन्य साथी मगरधा ग्राम निवासी लगभग 35 वर्षीय मिलाप सिंह पिता त्रिलोक सिंह के साथ अपनी मोटरसाइकिल से कटनी बाजार करने जा रहा था। इसी दौरान करहिया मोड़ के समीप कटनी की ओर से तेज गति से आ रहे डंपर क्रमांक एमपी 20 जेड एच 1523 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी की भीषण थी की बाइक सवार दोनों युवकों के परखच्चे उड़ गए।




स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना 100 डायल को दी। जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंची 100 डायल ने किसी तरह सड़क पर मृत पड़े युवकों को शव परीक्षण के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस द्वारा डंपर को पकड़ लिया गया है। पुलिस प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही कर रही है।

#### पैदल जा रहा आरक्षक रोड में गिरा, थम गई सांसें

एनकेजे थाने में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ शशिकांत करोसिया गुरुवार सुबह अचानक मौत हो गई। प्रधान आरक्षक वॉलीबॉल खेलने के बाद पैदल अपने घर जा रहे थे। इस दौरान उनकी मौत हो गई। प्रथम दृष्टया डॉक्टरों ने हृदय गति रुकने से मौत की आशंका जताई है। मौत के वास्तविक कारणों की जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही पता चलेगी। पुलिस ने बताया कि एनकेजे थाने में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ रोशन नगर निवासी शशिकांत करोसिया (39) बुधवार सुबह सरकारी तिलक कॉलेज के ग्राउंड में वॉलीबॉल खेलने गए थे। वॉलीबॉल खेलने के बाद पैदल अपने घर जा रहे थे, इसी दौरान अचानक गिर गए रोड में गिर गए। आसपास के लोगों ने उन्हें अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। प्रधान आरक्षक की मौत की जानकारी मिलने के बाद काफी संख्या में पुलिस कर्मी जिला अस्पताल पहुंचे थे।



#### गाय को बचाने के चक्कर में हाईवा पलट गया

एनकेजे थाना अंतर्गत दुबे कालोनी मोड़ पर गुरूवार सुबह एक तेज रफ्तार रेत लोड हाईवा सडक़ पार कर रही गाय को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गया। बताया जाता है कि अनियंत्रित होने के बाद हाईवा डिवाइडर व बिजली के खंभे से टकराने के बाद पलट गया।

हालांकि दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लोगों का कहना है कि अगर यह किसी यात्री वाहन को चपेट में लेता तो जानमाल का नुकसान होता गनीमत थी कि जहां ट्रक पलटा वहां उस वक्त कोई नहीं था।

---

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**कटनी।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समबद्ध तरीके से पहुंचाने एवं नागरिकों को लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूक कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्धेश्य से जिले में प्रारंभ विकसित भारत संकल्प यात्रा के सुचारू क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए है। जारी आदेशानुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग हेतु जिपं सीईओ शिशिर गेमावत को तथा नगर निगम कटनी क्षेत्र हेतु आयुक्त नगरपालिक निगम विनोद शुक्ल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत बड़वारा क्षेत्र हेतु सीईओ के.के.पाण्डेय, बहोरीबंद हेतु अभिषेक कुमार झा, ढीमरखेडा हेतु यजुवेन्द्र कोरी, कटनी हेतु प्रदीप सिंह, रीठी हेतु चंदूलाल पनिका, वियजराघवगढ़ हेतु ब्रतेश जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नप कैमोर क्षेत्र हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा, विगढ़ क्षेत्र हेतु रामावतार पटैल एवं नप बरही क्षेत्र हेतु मनोहर बिजवाल को नोडल नियुक्त किया गया है।

---

*तत्कालीन प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में मिली थी मंजूरी*

## सौंदर्यीकरण, खेल परिसर निर्माण सहित 11 कार्यों के लिए जारी हुई 2.67 करोड़ की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के तत्कालीन प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में लोक परिसंपत्ति प्रबंधन मद की राशि से स्वीकृत 11 कार्यो के लिए 5 करोड़ 32 लाख 20 हजार रूपये की मंजूर राशि के विरूद्ध 2 करोड़ 67 लाख 22 हजार रूपये की राशि जारी की जा चुकी है। इन सभी प्रगतिरत कर्यो की कलेक्टर अवि प्रसाद नियमित समीक्षा कर रहे है।

मुड़वारा विधायक की अनुशंसा और विशेष प्रयास पर लोक परिसंपत्ति प्रबंधन मद से खेल मैदान में दर्शक दीर्धा के निर्माण हेतु 1 करोड़ 25 लाख 16 हजार रूपये की राशि स्वीकृति की गई। जिसके विरूद्ध में कार्य प्रारंभ करने 62 लाख 58 हजार रूपये की राशि प्रदान की जा चुकी है।

लोक परिसंपत्ति प्रबंधन मद से ही रीठी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत वसुधा मे अमृत सरोवर के पास पर्यटन हट निर्माण हेतु 21 लाख 600 रूपये की स्वीकृति राशि के विरूद्ध 10 लाख 53 हजार रूपये और ग्राम पंचायत सरसवाही के कन्या शिक्षा परिसर में खेल परिसर निर्माण हेतु 14 लाख 96 हजार रूपये की मंजूर राशि के विरूद्ध 7 लाख 48 हजार रूपये और शहर के महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित के.सी.एस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी मे पुस्तकालय सहः व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण एवं प्रशिक्षण केन्द्र में अन्य व्यवस्थाओं हेतु 25 लाख रूपये की स्वीकृत राशि के विरूद्ध 12 लाख 50 हजार रूपये जारी की जा चुकी है।

इसके अलावा सुरखी पौडी जलाशय के सौदर्यीकरण कार्य वाकिंग ट्रेक, पेवर ब्लाक, वाक वे स्ट्रीट लाईट, फाउंटेन, सी.सी.टी.व्ही, बैंच, सामुदायिक शौचालय एवं पार्किंग क्षेत्र के निर्माण कार्य हेतु 2 करोड़ 67 लाख 48 हजार रूपये की स्वीकृत राशि में से 1 करोड 33 लाख 74 हजार रूपये की राशि जारी की जा चुकी है। वहीं कलेक्ट्रेट परिसर में नागरिक सुविधा के विस्तारीकरण हेतु 6 लाख 82 हजार रूपये की स्वीकृत राशि के विरूद्ध 4 लाख 52 हजार रूपये और कलेक्ट्रेट परिसर में निर्मित केंटीन में सुविधा विस्तार करते हुए किचिन स्टोर रूम, टायलेट निर्माण के लिए मंजूर किये गए 6 लाख 30 हजार रूपये के विरूद्ध 3 लाख 15 हजार रूपये की राशि जारी की जा चुकी है।

इसी प्रकार लोक परिसंपत्ति प्रबंधन मद से सर्किट हाउस माधवनगर में एक एन एक्सी भवन निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु 46 लाख 22 हजार रूपये के विरूद्ध 23 लाख 11 हजार रूपये की राशि जारी हुई है।

बालक छात्रावास प्राथमिक शाला राबर्ट लाईन के लिए 5 लाख 36 हजार रूपये की स्वीकृत राशि में से अब तक 2 लाख 68 हजार रूपये तथा प्राथमिक शाला कनकने घंटाघर में बालक छात्रावास के लिए मंजूर 6 लाख 85 हजार रूपये की राशि मे से 3 लाख 43 हजार रूपये और ढीमरखेड़ा के कारोपानी मे निर्माणाधीन आंगनबाडी भवन के पास खेल परिसर विकसित करने के लिए स्वीकृत 7 लाख रूपये की राशि में से 3 लाख 50 हजार रूपये जारी किये जा चुके है।

---

## महिला कैदियों को किया स्वेटर का वितरण



सेवा ही परमो धर्म के बोध वाक्य का अनुसरण करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सेवा भारती के सदस्य निरंतर सेवा के कार्य में रत रहते हैं। कड़कड़ाती ठंड में गर्म कपड़ों की आवश्यकता रखने वाले जनों को स्वेटर एवं गर्म कपड़ों का वितरण लगातार कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में कटनी जिला जेल में विचाराधीन सभी महिला कैदियों को बुधवार को स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अवि प्रसाद खासतौर पर मौजूद रहे। महिला बंदियों को स्वेटर वितरण के दौरान सेवा भारती राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से जिला संघचालक डॉक्टर अमित साहू, नगर संघचालक किशोर ओचानी, अमित कनकने, संजय त्रिपाठी, श्रीमती आरती सोनी और सेवा भारती के सचिव पुनीत नगरिया उपस्थित रहे।

---

**जिला सीईओ ने तकनीकी अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर लिया जायजा**

## जिला पंचायत परिसर में 93 लाख की लागत से बनेगा ट्रेनिंग सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने बुधवार की देर शाम जिला पंचायत परिसर में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों के साथ प्रशिक्षण केंद्र (ट्रेनिंग सेंटर) निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया और इस संबंध में आर ई एस के कार्यपालन यंत्री गौरी शंकर खटीक से विस्तार से जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से 93 लाख रुपए की लागत से आरईएस द्वारा इसका निर्माण कराया जाएगा।



प्रशिक्षण केंद्र के निर्मित होने से एनआरएलएम सहित अन्य विविध प्रकार की योजनाओं से संबंधित प्रशिक्षणर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। निर्माण कार्य स्थल का जायजा लेते हुए सीईओ श्री गेमावत ने निर्माण एजेंसी को एस्टीमेट के अनुसार तकनीकी मानकों का ध्यान रखते हुए निर्माण किए जाने की हिदायत दी।

---

*बरही शासकीय महाविद्यालय में हुआ आयोजन*

## कार्यशाला में ऊर्जा संरक्षण के लिए विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी एवं भोज समन्वयक डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर ऊर्जा साक्षरता अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. अरविंद सिंह ने विद्यार्थियो को बताया कि हमारा प्रयास तभी सार्थक होगा जब देश के सभी नागरिक ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक हों और अपनी सक्रिय सहभागिता निभायें। एक जागरूक



नागरिक होने के नाते हमें प्रतिदिन दिनचर्या के छोटे-छोटे कार्यो जैसे अनावश्यक चल रहे बिजली के बल्ब, पंखे, ए.सी. एवं बिजली के अन्य उपकरणों को बंद करके हम ऊर्जा संरक्षण में अपना योगदान देकर ऊर्जा संरक्षण के जागरूकता अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता दे सकते है।

डॉ. सुनीता सिंह विभागाध्यक्ष भौतिक शास्त्र ने बताया कि हम जीवन में प्रतिदिन विभिन्न रूपों में ऊर्जा का उपयोग करते है अतः भविष्य में ऊर्जा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसका संरक्षण आवश्यक है साथ ही विद्यार्थियो से ऊर्जा के प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। डॉ. के. के. विश्वकर्मा ने बताया कि हम छोटी दूरियों के लिए पैदल चलना, निजी वाहन की जगह सार्वजनिक वाहन का उपयोग तथा अन्य कार्यो के माध्यम से ऊर्जा का दुर्योपयोग एवं अनावश्यक प्रयोग रोकना भी ऊर्जा संरक्षण के अंतर्गत ही आता है ऊर्जा संरक्षण दिवस का महत्व एवं इसे मनाने के कारणों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि वर्ष 2001 में भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 को लागू किया गया। इसी अधिनियम के पश्चात ही प्रतिवर्ष 14 दिसंबर को ऊर्जा संरक्षण दिवस का आयोजन किया जाता है।

---

**महापौर ने मां सरस्वती का पूजन कर कवि सम्मेलन का किया शुभारंभ**

## कटायेघाट मेला में हास्य-व्यंग्य, गीत-गजलों से कवियों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के रमणीय स्थल सुरम्य पार्क कटायेघाट में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री बजरंग कटायेघाट मेले का आयोजन किया जा रहा हैएमेला में प्रतिदिन सुबह से लेकर रात तक विभिन्न सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम एवं साहित्यिक आयोजन चल रहे है।

कार्यक्रम की श्रृंखला में 13 दिसम्बर को अखिल भारतीय विराट कविसम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी द्वारा मॉ सरस्वती जी का पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।। महापौर ने अतिथि साहित्यकारों का स्वागत किया।महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने इस मौके पर कहा कि




कटायेघाट मेला की लोक संस्कृति को जीवंत रखने मेला सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं छात्रों की प्रतिभा को निभारने प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि साहित्यकार अपनी कलम से रचनापाठ से समाज की विसंगतियों को उजागर करते है समाज परिवार देश को एक नयी दिशा देते है।

कवि सम्मेलन में नगर ख्यातिलब्ध हास्य व्यंग्य कवि मनोहर मनोज कटनी, राजेन्द्र मालवीय इटारसी, दिनेश देहाती मलाजखंड अंतू झकास मरवेली, प्रीतम नायक फतेहाबाद हरियाणा सुश्री माधुरी किरण बालाघाट सुश्री नम्रता नम्र भोपाल, विकास बैरागी नरसिंहपुर द्वारा हास्य व्यंग्य गीत गजल मुक्तक ओज छंदों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। मेला समिति सदस्य शशिकांत तिवारी डॉण रमेश सोनी सुभाष साहू पार्षद शकुन्तला सोनी सरला मिश्रा सुरेन्द्र गुप्ता रीना सरकार संगीता लोधी सुनीता गुप्ता उपायुक्तध्मेला प्रभारी पवन कुमार अहिरवार राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक प्रण्सहायक यंत्री आदेश जैन गनेश बिचपुरिय, संजय चौदहा आदित्य मिश्रा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी एवं अन्य कर्मचारीगणों की उपस्थिति रही।

### आज भजनों की प्रस्तुति

श्री बजरंग कटायेघाट मेला स्थल में 15 दिसम्बर को सायं 6 बजे से 9 बजे तक भजन संध्या एवं रात्रि 09 बजे से 10 बजे तक लोक नृत्य कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जायेगी। महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी मेला आयोजन समिति ने नगर की जनता से मेला में पहुंचने अपील की है।

---

## परीक्षाओं को लेकर लगाई अधिकारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले में 17 दिसंबर को ओ.एम.आर आधारित विधि से दो पालियों में आयोजित होने वाली संयुक्त राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 हेतु गोपनीय सामग्री जिला कोषालय से प्राप्त कर परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने एवं परीक्षा उपरांत सामग्री वापस जिला कोषालय में जमा करनें हेतु प्राधिकृत अधिकारियों का डियुटी लगाई है। जारी आदेशानुसार 17 दिसंबर को प्रथम एवं द्वितीय पाली के लिए केन्द्रों तक सामग्री पहुंचाने एवं वापस जिला कोषालय में जमा करनें के लिए कोड क्रमांक 4/3 हेतु प्राधिकृत अधिकारी हरि सिंह कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को, कोड क्रमांक 4/5 हेतु एस.के चोलकर सहायक यंत्री पी.आई.यू, कोड कमांक 4/4 में संतोष सिंह जिला खनिज अधिकारी को, कोड क्रमांक 4/1 में श्रीमती पूजा द्विवेदी जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, कोड क्रमांक 4/6 में पृथ्वीपाल सिंह जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा विभाग को तथा कोड क्रमांक 4/2 हेतु राजेश अग्रहरी सहायक संचालक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सहित रिजर्व दल में 3 अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने प्राधिकृत अधिकारियों को परीक्षा तिथि को प्रातः 8 बजे तथा दोपहर 12 बजे अनिवार्य रूप से जिला कोषालय में उपस्थित होने तथा संबंधित केन्द्राध्यक्षों को समय पर प्रश्नपत्र के पैकेट्स पहुंचाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### दो उपार्जन केन्द्र के स्थलों में आंशिक संशोधन

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा स्थानीय कृषकों की मांग एवं उनकी सुविधा एवं स्थान की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए जिला उपार्जन समिति द्वारा लिये गए निर्णय अनुसार उपार्जन केन्द्रों के स्थलों में आंशिक संशोधन किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार तहसील स्लीमनाबाद में गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्र प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति तेवरी का उपार्जन स्थल तिवारी वेयर हाउस स्लीमनाबाद किया गया है। इसी तरह तहसील कटनी नगर स्थित उपार्जन केन्द्र कन्हवारा में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कैलवाराकला द्वारा संचालित गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्र स्थल को संशोधित किया जाकर एस.एस.जैन वेयर हाउस इन्द्रानगर बायपास किया जाकर उपार्जन स्थल पर तत्काल संपूर्ण व्यवस्था कराकर उपार्जन कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए है।

### पंचायत कार्यालय में आज चस्पा की जाएगी सूची

**कटनी।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त हेतु आधार से बैंक खाता लिंकिंग, ई-के.वाईसी एवं लैंड लिंकिंग की कार्यवाही 15 जनवरी तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए गए है। निर्देशों के अनुक्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने 15 जनवरी 2024 पी.एम. किसान सैचुरेशन ड्राईव क्रियान्वित करने के निर्देश दिए है। अपर कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि पी.एम. किसान सैचुरेशन ड्राईव के तहत योजना के एक्टिव हितग्राहियों एवं ई केवाईसी, एनपीसीआई हेतु लंबित हितग्राहियों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर 15 दिसंबर को चस्पा की जायेगी। योजना के तहत 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक कैंप का आयोजन किया जायेगा। 23 दिसंबर अथवा 25 दिसंबर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाकर छूटे हुए पात्र एवं अपात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन किया जायेगा। ड्राईव के तहत 26 दिसंबर से 5 जनवरी 2024 तक पी.एम.किसान पोर्टल पर डाटा अद्यतन की कार्यवाही की जायेगी तथा 6 जनवरी से 15 जनवरी तक भू-स्वामियों के आधार डाटा एंट्री हेतु डोर-टू-डोर सर्वे का कार्य किया जायेगा। 6 दिसंबर से 15 जनवरी 2024 तक सोशल मीडिया केंपेनिंग तथा 15 जनवरी 2024 तक सेल्फ रजिस्ट्रेशन केसों का निराकरण किया जायेगा।

### व्यय संबंधी जानकारी की समीक्षा 15 दिसंबर को

**कटनी।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत अद्यतन किये गये व्यय संबंधी जानकारी की समीक्षा एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 38वें दिवस को व्यय प्रेक्षक तथा जिला निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर युक्त स्कूटनी रिपोर्ट व समरी रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल की ओर भेजे जाने के संबंध में 15 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से कार्यालय कलेक्टर परिसर में बैठक आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय मॉनीटरिंग नें जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों हेतु नियुक्त किये गए सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखा दल, वीडियो अवलोकन टीम को समस्त आवश्यक जानकारियों सहित उक्त दिनांक को कलेक्टर परिसर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

### प्रारंभिक परीक्षा हेतु उडन दस्ता दल गठित

**कटनी।** राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 रविवार 17 दिसंबर को कटनी मुख्यालय स्थित 6 परीक्षा केन्द्रों में प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2:15 बजे से 4:15 बजे तक दो सत्रों में आयोजित की जायेगी। संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा ने परीक्षा केन्द्रों की जांच के लिए अधिकारियों का उडनदस्ता एवं मजिस्ट्रेट दल का गठन किया है। गठित दल का प्रभारी राकेश कुमार चौरसिया अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी रहेंगे जबकि दल सदस्य के रूप में आशीष अग्रवाल तहसीलदार कटनी नगर एवं अजीत तिवारी तहसीलदार ग्रामीण को नियुक्त किया है। संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा ने गठित दल को परीक्षा केन्द्रों का सतत निरीक्षण कर केन्द्रों में शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है।

### सलैया रेलवे फाटक बंद होने से झिरिया -मढ़ाना से होकर गुजर रहे वाहन

# सड़क पर जगह जगह हैं गड्ढे, बिखरी गिट्टियों से आवागमन हो रहे मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

गिट्टियों से पटी पड़ी सड़क, गुजरते समय धसती, फिसलती बाइक, कभी अनियंत्रित-बेकाबू होते ऑटो रिक्शा और छोटे चार पहिया वाहन। वाहनों के पहियों के दबाव से रह-रहकर उछलने वाली गिट्टियों से चोटिल होने के भय से घबराए लोग और राहगीर। यह स्थिति है झिरिया से मढ़ाना- धरवारा की तरफ जाने वाली सड़क का। लाखों रुपये की लागत से बनी इस सड़क में अब गिट्टियां निकल आई है। झिरिया से शुरू हुआ यह मार्ग कारी पाथर, मढ़ाना, धरवारा और स्लीमनाबाद की तरफ निकल जाता है।इन दोनों एक सप्ताह के लिए उमरियापान-स्लीमनाबाद मार्ग में पड़ने वाले सलैया रेलवे फाटक बंद है। रेलवे लाइन में काम शुरू है। ऐसे में सुबह से देर रात तक यहां से पैदल यात्रियों के अलावा बाइक, कार, यात्री बस और भारी वाहन भी गुजरते हैं। एकलौता मार्ग होने के चलते लोग लंबा सफर करके आते हैं। स्थिति यह है कि आमजन का आना-



जाना भी दुश्वार हो गया है। वाहनों के निकलने से तो इस सड़क की दुर्दशा और भी ज्यादा खराब हो गई है।

#### फिसल रहे वाहन, चोटिल हो रहे लोग

झिरिया से मढ़ाना होकर स्लीमनाबाद पहुँच मार्ग सड़क पर जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। छोटी बड़ी गिट्टियां निकल आई हैं। गिट्टी की परत से गुजरते समय बाइक सवार फिसल जाते हैं वहीं ऑटो रिक्शा- छोटे चार पहिया वाहन फिसल रहे हैं। तेज रफ्तार वाहन दिशा बदलकर सड़क के एक किनारे से दूसरे तक छोर पर पहुंच जाते हैं। सड़क की ये गिट्टियां क्षेत्र के लोगों और वाहन चालकों के लिए मुश्किल खड़ी कर रही हैं। भारी और तेज रफ्तार वाहनों के पहियों से गिट्टियां किसी गोली की तरह उछलती हैं। इनके लगने से सड़क से गुजरते राहगीर जख्मी हो रहे हैं। पांव, सिर में गिट्टी लगने से लोगों की जान ही जोखिम में पड़ जाती है।

#### दोहरी मुसीबतों का सामना

सड़क पर गिट्टियां निकलने से दो चार पहिया वाहन और ऑटो रिक्शा को चलाने जगह ही नहीं है। मजबूरी में इन्हीं गिट्टियों के बीच से वाहन चलाना पड़ता है। गिट्टियां लगने से वाहनों के टायरों में कट लग रहे हैं। वाहनों के ईंधन का खर्च भी बढ़ गया है क्योंकि अब कम दूरी तय करने में ही ज्यादा पेट्रोल लग रहा है। सड़क की हालत खराब होने से ग्रामीण और राहगीर दोंनो परेशान है।

इस सड़क गुजरने वाले घनश्याम सिंह, धर्मेंद्र गर्ग, सुमित सिंह,दिप्पू नामदेव, चंदन कोल, नीता विश्वकर्मा, रमाबाई आदिवासी, रोशनी चौधरी, संध्या तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में सड़कों का कोई रखवाला नहीं रहा। तभी जनता को इन टूटी सड़कों पर चलना पड़ रहा। सरकार लाखों रुपये का बजट बनाकर सड़क बनवाई। लेकिन सही मटेरियल न लगने के कारण सड़कें फिर से गड्ढों में तबदील हो गई। हालात ये बजरी निकलकर बाहर आ गई। जिन पर फिसलकर लोग चोटिल हो रहे।लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं और इनपर चलने वाले वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



# जैविक कीटनाशकों के निर्माण का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जैविक खेती का प्रशिक्षण शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत ग्राम में उपलब्ध कचरा गोबर फसल अवशेष खरपतवार से गोबर कंपोस्ट बनाने के लिए 20 फीट लंबा 5 फुट चौड़ा एवं 3 फुट गहरा गड्ढा खोदकर बतलाई गई विधि से उपरोक्त सामग्री भरकर 4 माह में गोबर कंपोस्ट बनाने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। प्रति हेक्टर 20 से 25 टन गोबर कंपोस्ट बोनी से पूर्व खेत में फैलाकर जुताई करने की जानकारी दी गई। खेत में कच्चा गोबर एवं कचरा डालने से खरपतवारों में वृद्धि पोषक तत्वों की कमी तथा दीमक मैं वृद्धि होती है अतः कंपोस्ट डालने की सलाह दी गई।

फसलों में काटने वाले कुतरने वाले रस चूषक एवं फल छेदक कीट लगते हैं। जैविक कीटनाशकों का उपयोग फसल की प्रारंभिक अवस्था से प्रति सप्ताह डालने से फसलों में कीट एवं रोग नहीं लगते। गोमूत्र से बीज उपचार जैविक कीटनाशक शीघ्र खाद बनाकर फसलों में उपयोग तथा नीम पत्ती गोमूत्र एवं पांच पत्ती काढ़ा नीमस्त्र ब्रह्मास्त्र एवं आग्नेयास्त्र बनाने तथा फसलों में प्रयोग करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

### जिला जेल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# महिला निरक्षर बंदियों को साक्षर बनाने हेतु कक्षाओं के संचालन के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने बुधवार को जिला जेल पहुँचकर यहाँ के पुरूष बंदियों की तरह ही अब महिला बंदियों को भी साक्षर बनाने के लिए कक्षायें संचालित करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर श्री प्रसाद की पहल पर यहाँ जिला जेल में निरक्षर बंदियों में साक्षरता का उजियारा फैलाने पुरूष बंदियों के लिए साक्षरता कक्षायें पहले से ही शुरू हैं। जिला जेल के 27 निरक्षर कैदियों ने रविवार 24 सितंबर को आयोजित नवभारत साक्षरता परीक्षा भी उत्तीर्ण कर ली है।

#### ओपन हाईस्कूल की देंगे परीक्षा

कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिला जेल के मुख्य अधीक्षक प्रभात



चतुर्वेदी को निर्देशित किया कि नवभारत साक्षरता परीक्षा उत्तीर्ण हो चुके, वे बंदी जो आगे की पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें ओपन हाईस्कूल परीक्षा की तैयारी कराने की व्यवस्था करें। ताकि अपनी गल्तियों की वजह से जेल में रहने की दुश्वारियाँ झेल रहे बंदी, जेल से बाहर आने के बाद की जिंदगी को सहजता से जी सकें और समाज में घुल-मिल सकें।

#### बच्चों का स्वास्थ परीक्षण

कलेक्टर श्री प्रसाद के आग्रह पर चिकित्सक डॉ अमित साहू ने यहाँ की महिला बंदियों के बच्चों का नियमित और निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार करने की सहमति प्रदान की है।

#### लोकप्रिय हुई लायब्रेरी

जिला जेल में कलेक्टर की पहल पर गांधी जयंती के अवसर पर यहां शुरू हुई गांधी लाईब्रेरी का बंदियों के जनजीवन में सकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है। कलेक्टर को निरीक्षण के दौरान आदतन अपराधी अरबाज खान ने बताया कि वह अपना अधिकांश समय अब लाईब्रेरी में पुस्तकें पढ़नें में ही व्यतीत करता है। अरबाज ने बताया कि वह चिंता छोड़ो सुखी जीवन जियो और अब्दुल कलाम आजाद की जीवनी की पुस्तकें पढ़कर महापुरूषों द्वारा बताये राह में चलनें की कोशिश करने की बात कही।

### विद्युतीय कार्य को शीघ्र पूर्ण करने दिये निर्देश



महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी द्वारा विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में महापौर ने वार्ड क्रमांक 04 में म.प्र.विद्युत मंडल द्वारा जारी कार्यादेश अनुसार किये जा रहे विद्युतीकरण कार्य के संबंध में विभिन्न 08 स्थानों पर विद्युतीकरण कार्य के रिवाईज एस्टीमेट प्राप्त नहीं हुये ट्रांसपोर्ट नगर में पूर्व से किये गये विद्युतीकरण कार्य में ट्रांसफार्मर विद्युत पोल एवं केबिल इत्यादि लगाये जाने दुर्गा चौक से जुहला रपटा की ओर विद्युत मंडल द्वारा जारी कार्यादेश अनुसार किये गये विद्युतीकरण कार्य से ठेकेदार द्वारा विद्युत पोल निकाले जाने खिरहनी ओव्हर ब्रिज से दुर्गा चैक तक पोल शिफ्टिंग कार्य को पूर्ण कराये जाने शिवाजी वार्ड क्रं. 20 में विभिन्न स्थानों के एस्टीमेट तैयार कराये जाने के संबंध में चर्चा की तथा विद्युतीकरण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में पार्षद शकुन्तला सोनी श्याम पंजवानी ओम प्रकाश बल्ली सोनी कार्यपालन अभियंता व्ही के परते एवं सहायक यंत्री सुमंत कुमार आदेश जैन उपयंत्री विक्रांत ब्राम्हण मोना करेरा की उपस्थिति रहीं।

# अंतिम व्यय लेखा दाखिल करने हेतु प्रशिक्षण एवं लेखा समाधान बैठक कार्यक्रम निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

### निर्वाचन आयोग द्वारा किया गया है निर्देशित

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम -1951 अनुसार निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के 30 दिवस के अंदर अभ्यर्थियों को जिला निर्वाचन अधिकारी को अंतिम व्यय लेखा दाखिल करने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित किया गया है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाच अधिकारी साधना परस्ते ने उक्त निर्देश के अनुक्रम में विधानसभा निर्वाचन 2023 में जिल की चारों विधानसभा से चुनाव लडनें वाले अभ्यर्थियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम अनुसार निर्वाचन परिणाम घोषणा के 30 दिवस के अंदर अर्थत 2 जनवरी 2024 तक निर्वाचन व्यय लेखों की मूल प्रति व्यय के मूल बिल व्हाउचर सहित अनुलग्नक 1 से 11 व भाग 1 से 4 तक अन्य आवश्यक प्रपत्र एवं अभिलेख, शपथ पत्र, अद्यतन पासबुक स्टेटमेंट की फोटोकापी हस्ताक्षित कर जिला निर्वाचन कार्यालय में दाखिल करने हेतु सूचित किया है।

आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन व्यय लेखे प्रस्तुत करने हेतु विधानसभ निर्वाचन 2023 में चुनाव लडने वाले समस्त अभ्यर्थियों, लेखा अभिकर्ताओं एवं लेखे प्राप्त करने हेतु लगाए गए कर्मियों को प्रशिक्षित किये जाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण व मतगणना तिथि से 26 वे दिन लेखा समाधान बैठक कार्यक्रम करने के निर्देश दिए गए है।

निर्देशों के अनुक्रम में जिले की चारों विधानसभा हेतु जारी कार्यक्रम अनुसार अभ्यर्थी ,लेखा अभिकर्ता का अंतिम व्यय व जमा से संबंधित प्रशिक्षण 20 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से आयोजित की जायेगी तथा लेखा समाधान की बैठक 29 दिसंबर को अपरान्ह 3 बजे से आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा संधारण करने व जमा करने की तिथि 4 दिसंबर से 2 जनवरी 2024 तक प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित है।

अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने जिले की चरों विधानसभा क्षेत्रों से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों से जारी कार्यक्रम अनुसार निर्धारित तिथियों में अंतिम व्यय लेखा संधारण व जमा करने से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण व लेखा समाधान बैठक में आपेक्षित दस्तावेजों के साथ संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में उपस्थित होनें का आग्रह किया है।

### संत महाराज ने श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र की सुनाई कथा

# द्वारपाल के मुख से सुदामा नाम सुनते ही दौड़े आये श्रीकृष्ण, हृदय से लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

उमरियापान के कटरा बाजार में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के आखरी दिन कथावाचक संत सीताराम शरण महाराज ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मां देवकी को वापस देना। सुभद्रा हरण का आख्यान कहना, एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए संत ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा से समझ सकते हैं।

सिद्धन धाम लोढ़ा पहाड़ के संत सीताराम शरण महाराज ने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र (सखा) से सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर



द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है।

अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया और सुदामा को अपने महल में ले गए ओर उनका अभिनंदन किया। इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होंने सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की। इसके बाद चौरसिया परिवार द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

इसके पूर्व 6वें दिन भगवान श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई। धूमधाम से भगवान का ब्याह रचाया गया।

### छात्र छात्राओं ने जागरूकता के लिए लगाई चौपाल

# ग्रामीणों को बताया स्वच्छता का महत्व, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं ने डुंगरिया गांव में स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम किया। गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार, अंकित झारिया, परामर्शदाता सुमित सिंह ठाकुर, और धर्मेंद्र गर्ग सहित छात्र छात्राओं ने उपस्थित महिलाओं और ग्रामीणों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी।उन्होंने ग्रामीणों को खुले में शौच न करने की समझाइस दिया। खुले में शौच करने से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी बताई।जिन लोगों के घरों में शौचालय निर्माण नहीं हुआ है उन्हें जल्द ही घरों में शौचालय निर्माण बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। घरों के आसपास गंदगी न फैलाने को लेकर जागरूक किया।

ढीमरखेड़ा विकासखंड के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं ने सामूहिक रूप से ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व बताया। ग्रामीणों के साथ



मिलकर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया। बताया कि कचरे को यहां-वहां न फेंके।

कचरे को इकट्ठाकर कूड़ादान में ही डालें। हर घर में कूड़ादान रखने की व्यवस्था की बात कही। इसके साथ ही छात्र छात्राओं ने ग्रामीणों को बताया कि खाने के पहले और बाद में हाथ धोना आवश्यक है। हाथ धो कर खाना खाने से कई संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है। यह भी समझाया गया कि यदि आसपास के वातावरण में गंदगी होगी तो भी संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहेगा। इसलिए सफाई रहना जरूरी है। साक्षरता के लिए भी ग्रामीण बच्चों को प्रोत्साहित किया और जीवन में शिक्षा का महत्व क्या है यह समझाया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच सुमन बाई कोल, सीएमसीएलडीपी के स्टूडेंट्स अनामिका मौर्य, आकांक्षा मौर्य, आकृति मौर्य, नीलम मौर्य, स्वप्निल विश्वकर्मा, नीता विश्वकर्मा,नरेंद्र मौर्य,शिक्षक अनंत कुमार मिश्रा, आगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रीति प्यासी सहित गांव की महिलाओं के अलावा अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# विस चुनाव के मद्देनजर शस्त्र लायसेंसों का निलंबन समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद द्वारा आदेश जारी कर आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 की उपधारा (3) के प्रावधानों के तहत विधानसभा निर्वाचन -2023 अवधि के दौरान कटनी जिले की राजस्व सीमा अन्तर्गत निलंबित किये गये समस्त शस्त्र लायसेंसों का निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को आचार संहिता के अनुक्रम में शस्त्र लायसेंसधारियाँ के जमा कराये गए शस्त्र तत्काल संबंधित शस्त्र लायसेंसधारी को वापस किये जाने हेतु आदेशित किया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के परिपालन में कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कटनी जिला कटनी द्वारा विधानसभा निर्वाचन -2023 के निर्वाचन की घोषणा कि जाने के फलस्वरूप कटनी जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने तथा निर्वाचन अवधि में चुनाव प्रचार-प्रसार रैली से संचालन करने के लिये साम्प्रदायिक, लोक व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से 09 अक्टूबर 2023 के द्वारा जारी आदेश के माध्यम से कटनी जिले की राजस्व सीमा अन्तर्गत आत्मसुरक्षा, फसलसुरक्षा हेतु फार्म न०- 03 व 05 में जारी समस्त शस्त्र लायसेंसों को निलंबित कर उक्त लायसेंस में दर्ज शस्त्रों को संबंधित थानों में जमा कराने का आदेश जारी किया गया था। वर्तमान में विधानसभा निर्वाचन -2023 के अन्तर्गत लागू आदर्श आचरण संहिता समाप्त हो चुकी है। इस परिपेक्ष्य मे कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने शस्त्र लायसेंसो का निलंबन समाप्त कर दिया है।

### डायरेक्टर का स्वागत

**कटनी।** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन की तैयारियों की समीक्षा हेतु कुमार राहुल, डायरेक्टर ,गवर्नमेंट आफ इंडिया, मिनिस्ट्री ऑफ़ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर की और से अल्प प्रवास पर गुरुवार को कटनी पहुंच चुके हैं। कुमार राहुल के आगमन पर जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत ने भेंट कर पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया।

**Name Change**

I SUBHASANI DEVI, spouse of No. 6896735 Have Late CHHOTELAL GUPTA resident of 226 Lakhera Tikariya Katni M.P. 483501 have changed my name from SUBHASANI DEVI to SUBHASANI DEVI GUPTA vide affidavit dated 24/11/2023 before Katni.

## खबर संक्षेप

### अक्षत कलश पैदल यात्रा रामधुन के साथ ग्रामीण अंचलों में पहुँचे

**अमानगंज।** 22 जनवरी 2024 को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा का अद्वितीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके आमंत्रण हेतु समूचे देश में विश्व हिंदू परिषद के द्वारा अक्षत कलश भेजे जा रहे हैं इसी कार्यक्रम में अमानगंज से विभिन्न ग्रामीण अंचलों में पैदल यात्रा करते हुए रामधुन गाते और भगवान श्री राम के जयकारे लगाते हुए श्री राम भक्त अक्षत कलश लेकर पहुंचे जिनका स्वागत जोरदार आतिशबाजी के साथ गाँवो में भक्तों द्वारा किया गया और सिर पर अक्षत कलश रखकर समूची ग्राम का भ्रमण करते हुए अपने-अपने गांव के मंदिर पहुंचे। इस बीच अक्षत कलश का जगह-जगह आरती पूजा भी की गई। अब इसके बाद यह अक्षत राम भक्तों द्वारा घरों घरों पहुंचाये जाएंगे और श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया जाएगा।

### वीडियो कॉन्फ्रेंस आज

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 15 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे से मंत्रालय भोपाल से विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव व्हीसी में जन प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। इस मौके पर सर्वसंबंधितों से कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी व्हीसी कक्ष में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### साइबर तहसील परियोजना एक जनवरी से लागू होगी

**पन्ना।** आगामी एक जनवरी 2024 से साइबर तहसील की व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया है। मध्यप्रदेश में बिना आवेदन, नामांतरण और अभिलेख दुरुस्तीकरण की फेसलेस व्यवस्था जून 2022 से लागू है। इसे साइबर तहसील नाम दिया गया है। इसमें रजिस्ट्री उपरांत क्रेता के पक्ष में अविवादित नामांतरण फेसलेस व पेपरलेस तरीके से ऑनलाइन प्रक्रिया के द्वारा 14 दिन में बिना आवेदन के और बिना तहसील के चक्कर लगाए स्वतः ऑटोमेटिक तरीके से हो जाता है और खसरे तथा नक्शे में भी क्रेता का नाम दर्ज हो जाता है।

### शाहनगर एसटीएस श्रीकांत तिवारी जी सड़क दुर्घटना में निधन

**पन्ना।** जिले की शाहनगर उप स्वास्थ्य केंद्र में पद एसटीएस श्रीकांत तिवारी मदन लाल तिवारी निवासी बिसानी आज प्रतिदिन की तरह अपनी ड्यूटी में शाहनगर आ रहे थे जैसे ही निर्माण अधीन टोल के पास टू व्हीलर में सवार होकर पहुंचे तो सामने से एक अज्ञात वाहन की ठोकर से मार दिया जिससे वह बुरी तरह लहु-लुहान हो गए राहगीरों द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार कर कटनी के लिए रेफर किया गया साथ ही गंभीर हालत को देखते हुए श्रीकांत तिवारी जी को जबलपुर के लिए रेफर किया गया जहां पहुंचते ही श्री तिवारी ने गंभीर हालत होने पर उनका निधन हो गया वह अपने पीछे एक पुत्र को छोड़कर चले गये।

सुनसान पड़ी गांव की गलियां, घरों में पड़े ताले

# त्योहार व चुनाव के बाद फिर शुरू हुआ मजदूरों का पलायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

त्यौहार व विधानसभा चुनाव होते ही ग्रामीण क्षेत्र की प्रवासी मजदूर महानगरों की और परिवार सहित पलायन करने लगे हैं। बस स्टैंड रेलवे स्टेशन पर प्रवासी मजदूर अपने परिवार वृहस्थी के समान के साथ बड़ी संख्या में नजर आने लगे है, गांव से बोरिया बिस्तर समेटकर काम दाम और रोटी के लिए महानगरों की ओर पलायन का ये सिलसिला त्योहारों के बाद से हर साल नजर आता है लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव के चलती अब भारी भीड़ वापसी कर रही है, वापसी का यह सिलसिला अगले एक सप्ताह तक ऐसे ही जारी रहेगा। ग्रामीण दिल्ली मुंबई चंडीगढ़ गुजरात हैदराबाद के शहरों सहित अन्य महानगरों में अपने काम पर वापस लौट रहे हैं।

दरअसल हटा क्षेत्र में बेरोजगारी एक बड़ा मुद्दा है पानी की कमी के कारण खेतों का भी सहारा नहीं है न ही कोई बड़े उद्योग धंधे हैं ऐसे में ग्रामीण पेट पालने के लिए महानगरों के लिए पलायन करने को मजबूर हैं। विधानसभा चुनाव में वोट डालने नहीं परिवार सहित आए प्रवासी मजदूरों की वापसी अब शुरू हो गई है रोजाना हटा के बस स्टैंड पर बड़ी संख्या में मजदूर देखे जा रहे हैं। बसे व ट्रेन ओवर लोड चल रही है, बसंत चालक नहीं बताया कि चुनाव की बात प्रवासियों की वापसी शुरू हो गई है जैसी बसों में भीड़ अचानक बढ़ गई है वही मजदूरों ने बताया कि दीपावली के त्यौहार पर घर आए थे चुनाव में वोट डालने व रिजल्ट देखने के लिए अभी तक रुके रहे अब हम लोग वापस जा रहे हैं मजदूरों ने यह भी बताया कि पंचायत में मनरेगा योजना से मजदूरी नहीं मिलने से गांव में मजदूरों की और भी दयनीय स्थिति है। हटा विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवर तालाबों एवं अन्य कार्यों के निर्माण में मनरेगा की जगह मिट्टी खुदाई मशीनों से की जाती है लोगों को कम नहीं मिल रहा है इसलिए कोई चाहकर भी गांव में नहीं रुक पा रहा है। ऐसी योजना किस काम कि जो ना तो काम दे सके न समय पर मजदूरी, गांव में काम भी नहीं है ऐसे में घर में चुटकी भर अनाज नहीं है। गांव में जो काम होते हैं वह मशीनों से कराए जाते हैं कभी-कभी 5-6 दिन का काम मिलता है तो 25 दिन खाली बैठना पड़ता है, पैसा मिलने में देर होने से परिवार का पेट पालना मुश्किल हो गया इसलिए हमें पलायन करना पड़ता है।





#### मनरेगा नहीं रोक पा रही पलायन

सरकार ने आम गरीबों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 2005 में पंचायत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी यानी मनरेगा लागू की है। दुनिया की सबसे बड़ी इस योजना का मूल उद्देश्य आस्था व श्रम मूलक कार्य कराके लोगों को काम उपलब्ध कराकर उनका पलायन रोकना था, मगर ऐसा हो नहीं सका। सही मायने में अधिकारियों से लेकर पंचायत प्रतिनिधियों तक सभी मनरेगा से मलाई खा रहे हैं वहीं जरूरतमंद ग्रामीण परेशान है। सच्चाई यह है कि एक तो 90% ग्राम पंचायतों में कार्य नहीं हो रहे हैं जो कार्य होते भी हैं वे कागजों पर पूर्ण करके राशि आहरित कर ली जाती है। नवीन तालाब, तालाब गहरीकरण, मिट्टी गहरी करण, पौधारोपण, नाला सफाई के का मनरेगा वाले अधिकांश का मशीनों से कराया जा रहे हैं वहीं कई काम कराए बिना ही मजदूरी तथा मटेरियल के नाम पर फर्जी मास्टर व फर्जी बिलों से राशि निकाल ली जाती है।

रानी दुर्गावती व्यापारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

## सार्वजनिक स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

ग्राम पंचायत सिग्रामपुर मैं स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग को लेकर आज रानी दुर्गावती व्यापारी संघ द्वारा ग्राम पंचायत को एक ज्ञापन सौंपा गया है जिससे ग्राम में बेहतर लाइट की सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की गई है। जिसकी तहत ग्राम में विद्युत वितरण पल पर स्ट्रीट लाइट लगाई जाए ज्ञापन में लेख किया गया है। ग्राम में छाए अंधेरे की वजह से चोरी की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। जिस पर लगाम लगाने के लिए ग्राम की बिजली पोल में स्ट्रीट लाइट लगवाना अनिवार्य है। ज्ञापन सौंपने वालों में रानी दुर्गावती व्यापारी संघ के अर्पित जैन, आकाश राय, मुकेश प्यासी, धर्मेंद्र, सत्येंद्र विश्वकर्मा, दीपक साहू, समीर हर्षल, बल्लू विश्वकर्मा, बंधु पटेल, जिनय जैन सहित व्यापारी संघ के सदस्यों की उपस्थित रही।

## अक्षत कलश यात्रा के स्वागत की तैयारी को लेकर की चर्चा



**सिंग्रामपुर।** श्री अयोध्या धाम में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अक्षत कलश सिंग्रामपुर पहुंचने है । ग्राम पंचायत भवन में प्राण प्रतिष्ठा ग्रह संपर्क अभियान समिति की बैठक हुई। इसमें श्री राम मंदिर निर्माण के बाद होने वाले प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी एवं दीपोत्सव तैयारी के लिए संबंध में चर्चा की गई। अक्षत कलश यात्रा की स्वागत की तैयारी के लिए रूपरेखा बनाई गई। अक्षत कलश शोभा यात्रा सिंग्रामपुर पोंडी सिंगपुर पहुंचेगी जिसका दीपोत्सव के साथ भव्य स्वागत आवाहन बैठक में उपस्थित सभी क्षेत्र वासियों से किया गया।

## असाटी महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



शहर के असाटी वार्ड नंबर एक स्थित संस्कार भवन में असाटी महिला मंडल के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन सफल समापन किया गया यह श्रृंखला असाटी महिला मंडल के द्वारा पिछले एक वर्ष से निरंतर चल रही है जिसमें प्रति माह दमोह के हर घर से क्रमानुसार एक असाटी परिवार आगे बढ़कर सुंदरकांड करने का शुभ अवसर प्राप्त करता है जिसमें समाज की सभी बहने बढ़-चढ़कर सहभागिता देती है सभी एकत्रित होकर श्री राम दरबार के समक्ष पूजा वंदना कर सामूहिक सुंदरकांड,हनुमान चालीसा, सामूहिक आरती के साथ-साथ भजन करते हैं इस सत्संग के माध्यम से समाज की सभी बहने धर्म लाभ तो अर्जित करती ही हैं और प्रतिमाह एक दूसरे से मिलती है आपसी प्रेमभाव बढ़ता है जो समाज की एकता एवं संगठन को मजबूत बनाता है धर्मयुक्त कर्म का परिणाम बहुत ही सुखद और संतोषजनक होता है इसी भावना के साथ असाटी महिला मंडल के द्वारा इस श्रृंखला का शुभारंभ किया गया था असाटी महिला मंडल के सभी सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता का श्रेय असाटी समाज की समस्त बहनों को जाता है जिन्होंने असाटी महिला समिति का भरपूर सहयोग किया साथ में यही भी बताया कि यह श्रृंखला पुनः 2024 जनवरी से यथावत आरंभ हो जाएगी कार्यक्रम के चलते समाज की बड़ी समिति अर्थात असाटी समाज समिति एवं युवा समिति ने अपने समस्त पदाधिकारियों के साथ संस्कार भवन पहुंचकर महिला मंडल के इस सुंदरकांड कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दे कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाकर सामूहिक आरती कर सुंदरकांड में उपस्थित समस्त बहनों को उनके घर के देवालय हेतु सुंदर कंबल उपहार स्वरूप वितरित किए असाटी महिला मंडल असाटी समाज समिति एवं युवा समिति के इस उत्तम काज की प्रशंसा करती है उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होकर सहकारिता का परिचय देते हुए महिला मंडल का मान बढ़ाया महिला मंडल असाटी समाज समिति एवं युवा समिति के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त करती है कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण एवं जलपान के साथ कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

### 20 दिसम्बर तक डाटा बेस अद्यतन कराने के निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरजिंदर सिंह ने न्याय विभाग, पुलिस और होमगार्ड के अतिरिक्त सभी कार्यालय प्रमुखों को आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत शासकीय सेवकों के डाटाबेस को अद्यतन कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव के लिए सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की जाना है। इसलिए आगामी 20 दिसम्बर तक सभी श्रेणी के लोकसेवकों का डाटाबेस अपडेट कराने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अलावा सेवानिवृत्त, मृत अथवा नये पदभार ग्रहण करने वाले लोकसेवकों की सूचना तत्काल प्रेषित कर डाटाबेस अद्यतन करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### गांव गांव में संचालित हो रहे जुए के फड़, गली गली में कट रही सट्टा पर्ची

**गैसाबाद।** ग्राम में धड़ल्ले से जुआ के फड़ संचालित हो रहे हैं। गली-गली में सट्टा पर्ची काटते हुए एजेंट साफ देखे जा सकते हैं। इतना ही नहीं क्षेत्र में अवैध उत्खनन का कार्य भी प्रगति पर चल रहा है क्षेत्र वासियों ने हरिभूमि को बताया कि ग्राम में खुलेआम जुआ के फड़ संचालित हो रहे हैं जिसमें रोजाना हजारों रुपए की हार जीत हो रही है। सट्टा का कार्य अपनी पूरी गति पर चल रहा है ज्ञात हो की गैसाबाद ग्रामीण अंचल में कई वर्षों से लगातार जुआ के फड़ एवं अवैध सट्टे का कारोबार संचालित हो रहा है। जिसकी लोगों द्वारा समय-समय पर शिकायतें भी की जाती रही हैं गौरतलब है कि तत्कालीन थाना प्रभारी बी एस ठाकुर द्वारा क्षेत्र में संचालित अवैध जुआ के फड़ो पर छापामारा कार्यवाही कर बहुत हद तक अवैध कार्यों पर प्रतिबंधित कार्यवाही किए जाने का प्रयास किया था। लेकिन धीरे-धीरे फिर दोबारा अवैध गैर कानूनी कार्य होते हुए दिखाई देने लगे हैं जिससे क्षेत्र में अशांति का माहौल निर्मित हो रहा है। जुआ सट्टा के चलते क्षेत्र में चोरी होने की वारदातें भी बढ़ रही है।

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संघ की बैठक संपन्न



**बनवार।** जबेरा खंड के प्रखंड बनवार के अंतर्गत आने वाले मंडल रोड़ में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के विषय में भव्य और दिव्य मंदिर बने इस हेतु संघ की बैठक मैं घर-घर दीप जलें, घर-घर भगवा ध्वज लहराए, त्रिभुवन यह उत्सव मनाएं। रचना योजनाएं बनाई गई। बैठक मैं ग्राम रोड़ रिछई कठई रमपुरा चिलोद मुवार छपरवाहा पटना सिमरी पिपरिया नवल कछवारा आदि ग्रामों के राष्ट्रीय स्वयंसेवकों आरएसएस की उपस्तिथि रही।

## तहसीलदार के विरूद्ध कर्मचारियों ने खोला मोर्चा, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




समस्त कर्मचारी तहसील दमोह एवं दमयंती नगर द्वारा जिला कलेक्टर दमोह को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौपते हुए राकेश सिंह हजारी ने बताया कि दिनांक 13 दिसंबर को करीब 3:30 बजे तहसीलदार मोहित जैन प्रभारी तहसीलदार दमयंती नगर के द्वारा न्यायालय में पक्षकारो के समक्ष दुर व्यवहारी एवं अभद्र भाषा का उपयोगर किया गया।


इसके पूर्व में भी तहसीलदार मोहित जैन द्वारा कर्मचारियों को धमकी एवं गालियां का प्रयोग कर चुके है तथा निर्वाचन कार्य के दौरान नौकरी खा जाने की बार बार धमकी दी जाती रही है। इसके अलावा न्यायालय में पक्षकारो के साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है जिससे तहसीलदार जैसे पद की गरिमा धूमिल होती है तथा कनिश्गिंग कार्य के समय भी महेन्द्र अहिरवार भृत्य को कालर पकड़कर मारने एवं नौकरी से निकालने की धमकी दी गई थी। साथ ही भृत्यो एवं कोटवारों के साथ अभद्र व्यवहार एवं परेशान किया जाता है तथा कोटवारों को नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती हैं। ज्ञापन सौपते हुए मांग की है कि मोहित कुमार जैन तहसीलदार दमयंती नगर को समझाइस दी जाएं एवं उनको दमयंती नगर तहसील से हटाये जाने की मांग की है। ज्ञापन देते वक्त राकेश सिंह हजारी, भागसींग गौड़, मोहनीलाल, लक्ष्मी गौड़ आदि की मौजूदगी रहीं।

## प्रभु श्रीराम बड़े से बड़े पाप को भी क्षमा कर देते है जब कोई उनकी शरण में जाता है - रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय श्रीदेव जानकी रमण बूंदाबहू मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस में कथावाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि प्रभु श्री राम की शरण में जो भी आ जाता है भगवान उसके समस्त अपराध क्षमा कर उसे अपनी शरणागति प्रदान करते हैं। श्री रामजी कहते है कि जो मनुष्य अपने अहित का अनुमान करके शरण में आए हुए का त्याग कर देते हैं, वे पामर हैं, पापमय हैं, उन्हें देखने में भी हानि है पाप लगता है हनुमान जी का चरित्र अति सुन्दरनिर्विवाद और शिक्षाप्रद है उन्ही के चरित्र की प्रधानता श्रीरामचरितमानस के सुन्दरकाण्ड में सर्वत्र हुई है। सुन्दरकाण्ड का पाठ अधिकतर मानस प्रेमी घर घर में करते-कराते हैं परन्तु ,सुन्दरकाण्ड के मर्म का चिंतन न कर केवल उसका पाठ यांत्रिक रूप से कर लेने से हमें वास्तविक उपलब्धि नहीं हो पाती है जो कि होनी चाहिये रामायण केवल कथा ही नहीं है इसमें कर्म रुपी यमुना भक्ति रुपी गंगा और तत्व दर्शन रुपी सरस्वती का अदभुत और अनुपम संगम विराजमान है। आईये इस प्रस्तुति में भी हम हनुमान लीला का रसपान करने हेतु श्रीरामचरितमानस के सुन्दरकाण्ड का तात्विक अन्वेषण करने का कुछ प्रयत्न करते हैं भगवान की शरणागति को प्राप्त हो जाना जीवन की सर्वोत्तम और सुन्दर उपलब्धि है हनुमान की शरणागति सर्वत्र सुंदरता का दर्शन करानेवाली है,जो कि सुन्दरकाण्ड का मुख्य आधार है। इस काण्ड का नामकरण इसीलिए हनुमानकाण्ड न किया जाकर सुन्दरकाण्ड किया गया है सुन्दरकाण्ड में तीन प्रकार की शरणागति का विषद वर्णन हुआ है हनुमान की शरणागति। विभीषण की शरणागति समुन्द्र की शरणागति सुन्दरकाण्ड का मर्म समझने हेतु शरणागति को समझना अति आवश्यक है यदि ध्यान से देखा जाए तो शरणागति ही हमारे शास्त्रों का वास्तविक लक्ष्य है। श्रीमद्भगवद्गीता में अपना उपदेश पूरा करने के पश्चात भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को निम्न उपदेश देते हैं सम्पूर्ण धर्मों का आश्रय छोड़कर तू केवल मेरी शरण में आ जा। मैं तुझे सम्पूर्ण पापों से मुक्त कर दूंगा यह वाक्य शरणागति का गहन रहस्य प्रकट करता है सम्पूर्ण धर्मों के त्याग का अर्थ यहाँ सम्पूर्ण धर्मों के आश्रय के त्याग से है अपने सभी धर्मों को निष्ठापूर्वकनिभाएं यथा अपने शरीर पालन करने का धर्म,माता पिता के प्रति संतान होने का धर्म,संतान के प्रति माता-पिता होने का धर्म,भ्राता धर्म,मित्र धर्म, देश और लोक के प्रति देश धर्म,लोक धर्म, आदि आदि,परन्तु, सभी धर्मों का आश्रय केवल परमात्मा यानि सत्-चित-आनन्द को पाना हो तो ही जीवन में भटकाव दूर हो जीव का उद्धार हो सकता है परमात्मा की शरण में आने से जीव निर्भय और पापरहित होकर सत्-चित -आनन्द में रमण करने का अधिकारी हो जाता है। परन्तु, यदि आश्रय सत्-चित-आनन्द का न होकर अन्यत्र हो तो जीवन में ठहराव नहीं आने पाता है।

## लाउड स्पीकर की आवाजें भी अब निशिचत दायरे में ही होगी

पन्ना।






लाउड स्पीकर की आवाज भी निश्चित की जाने को लेकर धीमी गति से जहां करने के लिये सरकार का आदेश अब क्रियान्वयन कराने को लेकर सामने स्थिति तय करेगी जिला मुख्यालय में छत्रसाल महाविद्यालय में शिक्षा को लेकर अक्सर हालात तेज गति से लाउड स्पीकर की आवाज जो कहीं न कहीं बाधक के हालात में जानी जाती थी उसमें सुधार की दिशा को लेकर यह आदेश सरकार के मुखिया का कारगर साबित होगा।

अब म.प्र. में भी लाउड स्पीकर की आवाजों को ध्यान रखते हुये इनकी आवाज की सीमा धीमी सुनिश्चित करने के लिये म.प्र. सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव ने उत्तर प्रदेश की दर्ज में यहां ध्यान में रखते हुये कार्य करने की दिशा को पहले ही दिन से आदेश के रूप में परणित किया है। जिसमें अब जिम्मेदार अधिकारियों को क्रियान्वयन करने के लिये भी समय सीमा तय कर दी गई है। निश्चित ही लाउड स्पीकर की आवाज कई बार समस्याजनक साबित होती थी वहीं जिला मुख्यालय की बात करें ।

# शव वाहन नहीं मिलने से गरीब परिजन हाथ ठेला पर ले गए मृतक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में फिर एक बार बेहतर व्यवस्थाओं का राग अलापने वाले स्वास्थ विभाग की हकीकत सामने आई है जहां मृतक के पोस्टमार्टम उपरांत शव को ले जानें के लिए शासन की ओर से किसी भी प्रकार की मदद नहीं मिल सकी और न ही शव वाहन की व्यवस्था अस्पताल प्रबंधन द्वारा कराई गई जिससे एक गरीब परिवार के लोगों ने हाथ ठेले में ही अपने मृतक के शव को रखकर घर ले गए, ऐसा नही है कि हटा में यह पहला मामला हो इसके पूर्व भी कई ऐसी हकीकत सामने आई जिसमें मानवता तो शर्मसार हुई है लेकिन उसके बाबजूद भी व्यवस्थाओं को बनानें वाले जिम्मेदार गरीबों की मदद करनें से परहेज करते नजर आते है। मामला नगरीय क्षेत्र के चण्डी जी वार्ड का है जहां कमलेश अहिरवार पिता मोहन अहिरवार उम्र 40 वर्ष की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में धनुषधारी मंदिर के समीप मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार बुधवार की दरमियानी रात तीन बजे के आसपास चंडी जी वार्ड निवासी कमलेश अहिरवार जो मानसिक तौर पर बीमार बताया जा रहा था वह नगर के पन्ना नाका के आगे स्थित धनुषधारी मंदिर के पास नग्न अवस्था में रात्रि के तीन बजे देखा गया था जिसकी सूचना मंदिर के पास रहने वाले ने 100 डायल को दी गई थी लेकिन सुबह उसे मृत अवस्था में देखा गया जहां परिजनों को सूचना दी गई एवं घटना कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पंचनामा कार्यवाही उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## गरीबों के साथ हो रहा खिलाबाड़

अक्सर देखा जाता है कि शासन प्रशासन गरीबों के हित में व्यवस्थाओं को बनानें का तो राग हमेशा से अलापती चली आ रही है लेकिन उन तक व्यवस्थाओं को पहुंचाए जाने में नाकाम साबित होती नजर आती है जिस कारण असहाय गरीब परिवार हमेशा शासन की व्यवस्थाओं से बंचित होता चला आ रहा है जिसका जिम्मेदार कोन है यह कोई नहीं बता सकता। जबकि नियमानुसार यदि स्वास्थ विभाग की गाइडलाइन व शासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं पर नजर दौड़ाई जाए तो यदि व्यक्ति गरीब है और वह व्यवस्थाएं बनानें में असमर्थ है तो उसके लिए शासन द्वारा शव वाहन की व्यवस्था बनाई गई है लेकिन सिविल अस्पताल में देखा जाए तो कई बार ऐसे मामले सामने आए है जहां गरीब दीनहीन लोग अपनी हैसियत से शव को ले जानें व्यवस्था कर लेते है परंतु जो व्यव्स्था बनानें का काम सिविल अस्पताल का है वह हमेशा की तरह अपना पल्ला झाड़ता नजर आता है। स्वास्थ विभाग भले ही लाखो रू वाहनों पर खर्च करती चली आ रही हो लेकिन किसी गरीब को शव ले जानें के लिए शव वाहन उपलब्ध न कराया जाना कितना शर्मसार है।



### सागर लोकायुक्त ने ठेकेदार की शिकायत पर दमोह पहुंचकर किया ट्रेप

# आरईएस के रिश्वतखोर बाबू 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



ग्रामीण यांत्रिकी विभाग दमोह के संभागीय कार्यालय में चलने वाले कमीशन/ रिश्वतखोरी के खुले खेल पर ट्रेप कार्यवाही करने पहुची सागर लोकायुक्त की टीम ने चर्चित बाबू अंकित सैनी को ईई के खाली पड़े चेंबर में दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ने के बाद में भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्यवाही की है। दरअसल शिकायतकर्ता ठेकेदार प्रमोद तिवारी ने सागर लोकायुक्त एसपी को एक लिखित शिकायत देते हुए बताया था कि उनके द्वारा हिनौती रामगढ़ में एक स्टाफ डैम का निर्माण कराया गया है। जिसके 24 लाख रुपए का बिल ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दमोह कार्यालय में लगाए जाने के बदले में संविदा वर्ग तीन लिपिक अंकित सैनी के द्वारा एक प्रतिशत कमीशन के रूप में 24000 रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है। उपरोक्त शिकायत की पुष्टि करने के बाद गुरुवार दोपहर सागर लोकायुक्त की टीम डीएसपी मंजू सिंह एवं निरीक्षक रोशनी जैन के नेतृत्व ने दमोह पहुंचकर आरईएस कार्यालय में अपना जाल फैलाया। जैसे ही संविदा बाबू अंकित सैनी ने ईई के खाली पड़े चेंबर में ठेकेदार प्रमोद तिवारी के हाथों से रिश्वत के 10000 रुपये लिए वैसे ही लोकायुक्त टीम ने अंकित बाबू को दबोचने में देर नहीं की। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

उल्लेखनीय की ग्राम पंचायत में होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों के आधे अधूरे घटिया होने के बावजूद ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के सहायक यंत्री उपयंत्री सहित अन्य की मिलीभगत से भारी कमीशन के बीच बरसों से भुगतान होता आ रहा है। यहां तक कि यहां के एक उपयंत्री वर्षो से फर्जी मार्कशीट पर नौकरी कर रहे हैं इस बात की जानकारी बड़े अधिकारियों से लेकर छोटे कर्मचारी तक को है। फिर भी कार्यवाही करने के बजाय उनकी सेवा पुस्तिका को ही गायब करा दिया गया है।

## दिव्यांग बच्चों की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

**दमोह।** तहसील ग्राउंड स्थित मूक बदिर विद्यालय प्रांगण में विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष में दिव्यांग बच्चों की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सुबह 10 बजे जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस के नेमा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता प्रारंभ कराई गई । दिव्यांग बच्चों ने 50 एवं 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, आलू दौड़, कुर्सी दौड़, नींबू दौड़ एवं रंगोली मेहंदी व चित्रकला प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की प्रतियोगिता में सभी विधाओं में बच्चों ने प्रतिभा दिखाई जिसमें 100 मीटर दौड़ में प्रथम सत्यम यादव, बबली पटैल, दीक्षा रजक, पूना लोधी, 50 मीटर मालती बंसल, बंदना कुशवाहा, मोहनी पटैल, आलू दौड़ बीरू रैकवार, भवित पटैल, रंगोली मोहनी पटैल, लक्ष्मी ठाकुर, निवेदिता जाटव, मेहंदी बबली पटैल अंजना अहिरवार, गीता अहिरवार के साथ सभी द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे व सम्मलित सभी बच्चों को जिला पंचायत सीईओ श्री वर्मा एवं उपस्थित समस्त बी आर सी में ललित रैकवार, प्रर्मेंद्र वैद्य, पीएल अहिरवार, दिलीप उपाध्याय, जिनेन्द्र जैन, उमेश पाठक द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए।

# तीसरे दिन भी जारी रही ग्रामीण डाक सेवकों की हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मुख्य डाकघर दमोह में धरना प्रदर्शन, नारेबाजी और ताबड़तोड़ तरीके से मनोबल बढ़ाते और संघर्ष करते हुऐ संभागीय अध्यक्ष धुर्वे कुमार धतुरहा, अध्यक्ष राजू प्रसाद पाठक, कोषाध्यक्ष केशव शर्मा, उपाध्यक्ष गोविन्द उपाध्याय, जिला सचिव वीरेन्द्र राजपूत, शाखा डाकपाल आकाश पटेल, निशांत श्रीवास्तव, बुद्धि प्रकाश, योगेश बाजपेई, सौरभ राही, शिवम पटेल, रजनी विश्वकर्मा, योगिता सहित हटा और बटियागड़ के भी अन्य सभी डाक सेबकों कि उपस्थिति रही। अध्यक्ष कि उपस्थिति मै क्प्च आरिफ खान को अपनी समस्त जायज मांगों और सेबकों पर हो रहे मानसिक प्रताड़ना को रोकने हेतु ज्ञापन सौंपा गया साथ ही डाक सेबकों को पूर्ण रुप से शासकीय करने और ग्रेज्युटी,बीमा सहित 8 घंटे कार्य और पेंशन सहित समस्त लाभ के लिए दमोह मेनगेट पर नारेबाजी कि गई। लाड़ली बहने, किसान सम्मान निधि,आम जनता इस अनिश्चितकालीन हड़ताल के प्रभाव में पूर्ण रुप से है इस अनिश्चितकालीन हड़ताल से सभी गांवों में चिट्ठी, पार्सल और जरूरी दस्तावेजो का आदान-प्रदान पूर्ण रुप से बंद होना भी जनता कि परेशानी का विषय है।

# गोंडवाना एक्सप्रेस के बाथरूम में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या




**दमोह।** ग्रहों के विपरीत सहयोग के चलते पारिवारिक विवाद के हालात में तनावग्रस्त लोगों के आत्मघाती कदम उठाने के घटना क्रम लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला दिल्ली से पथरिया लौट रही एक महिला के ट्रेन के बाथरूम में फांसी लगा लेने का सामने आया है। जिसकी जांच में अब रेलवे पुलिस जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पथरिया थाने के बोबई गांव निवासी बबलू अठ्या की पत्नी ताराबाई 35 वर्ष परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दिल्ली से मजदूरी करके बीती रात गोंडवाना एक्सप्रेस से पथरिया वापस लौट रही थी। निजामुद्दीन जबलपुर 22182 ट्रैन के पीछे वाले जनरल कोच के बाथरूम में जाकर ताराबाई ने फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। उनके देर तक बाथरुम से नहीं निकलने पर परिवार के सदस्यों ने जब बाथरूम का दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। बाद में अनहोनी की आशंका के चलते धक्का देकर दरवाजा खोलने पर ताराबाई फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। जिसकी सूचना दमोह जीआरपी और आरपीएफ को दिए जाने पर जीआरपी से चौकी प्रभारी एएसआई महेश कोरी ने टीम के साथ प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेन के कोच में पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम कार्रवाई हेतु रवाना किया। फिलहाल जीआरपी पूरी घटनाक्रम की जांच कर रही है। फांसी लगाने की वजह अज्ञात है लेकिन आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन में पारिवारिक विवाद के बाद गुस्से में महिला द्वारा पथरिया में उतरने की बजाय बाथरूम में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

## रोड़ स्वास्थ्य केंद्र में शाम 6 बजे के बाद लटका ताला

**बनवार।** रोड़ स्वास्थ्य केंद्र को क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रसव केंद्र बनाया गया है लेकिन स्वास्थ्य अमले की लापरवाही से महिलाओं को सही तरीके से स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल रहा है। यहां शाम होते स्वास्थ्य केंद्र में लटका मिला और यहां पर डिलेवरी कराने आने वाली महिलाओं को बनवार जबेरा स्वास्थ्य केंद्र के लिए भटकना पड़ा क्योंकि स्थानीय लोगो का आरोप है पदस्थ अमला हमेशा नदारत रहने के कारण ताला लटका रहता है। जिसके कारण वहां पर डिलेवरी न होने के कारण महिलाओं बनवार जबेरा स्वास्थ्य जाना पड़ता है। जिससे यहां पर व्यवस्थाएं गड़बड़ा गई है। रोड़ स्वास्थ्य केंद्र में डिलेवरी प्वाइंट खोला गया, ताकि इस क्षेत्र की महिलाएं लोगों के लिए स्वास्थ्य लाभ मिल सके। एवं दो स्टॉप नर्स को रखा गया है, लेकिन बुधवार की शाम 6बजे से 8 बजे बीच डिलेवरी प्वाइंट में ताला लगा रहने यहां पर डिलेवरी के लिए आई महिलाओं लौटना पड़ा।

### महिलाओं और युवाओं के लिये ब्यूटी पार्लर और टेलरिंग का सिखायेंगे कौशल

# कौशल विकास के लिये दो विशेष पाठ्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हीडलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड (HCIL) ने नरसिंहगढ़, दमोह में स्थानीय हितधारकों के लिए एक सराहनीय कौशल विकास पहल शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करना है। यह पहल सीईडीएमएपी (CEDMAP) के सहयोग से चलाई जा रही है, जो ग्रामीण उद्यमिता विकास पर एक गैर-लाभकारी संस्था है। पहल के तहत दो विशेष पाठ्यक्रमों - ब्यूटी पार्लर और टेलरिंग - का आयोजन किया गया है, जो तीन महीने की अवधि के हैं। इन पाठ्यक्रमों में स्थानीय महिलाओं और युवाओं को सौंदर्य सेवाओं और परिधान निर्माण के क्षेत्रों में व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान किया जा रहा है। पहल का नेतृत्व श्री दीपक ठाकुर कर रहे हैं, जो HCIL के सीएसआर विभाग का नेतृत्व करते हैं।श्री दीपक ठाकुर ने इस पहल के बारे में कहा, ₹हम नरसिंहगढ़ के समुदाय को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कौशल विकास इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ब्यूटी पार्लर और टेलरिंग जैसे पाठ्यक्रम स्थानीय लोगों को बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाएंगे और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करेंगे। पहल की सफलता के लिए सीईडीएमएपी का योगदान महत्वपूर्ण है। सीईडीएमएपी ने पाठ्यक्रमों को डिजाइन करने, प्रशिक्षकों की व्यवस्था करने और प्रतिभागियों को उद्यमिता विकास पर मार्गदर्शन देने में सक्रिय भूमिका निभाई है। पाठ्यक्रमों में भाग लेने वाली महिलाओं ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एक प्रतिभागी, रीता कुमारी ने कहा, ₹मुझे ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण लेने का मौका मिलने से मैं बहुत खुश हूं। अब मुझे विश्वास है कि मैं अपना खुद का सैलून खोल सकती हूं और स्वतंत्र रूप से कमा सकती हूं। HCIL की यह पहल नरसिंहगढ़ के समुदाय के लिए एक वरदान साबित हो रही है। यह न केवल स्थानीय लोगों को कौशल विकसित करने और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि ग्रामीण आर्थिक विकास में भी योगदान देता है। हीडलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड के यूनिट हेड श्री सुनील कुमार ने कहा उम्मीद है कि HCIL और सीईडीएमएपी के इस सार्थक प्रयास से नरसिंहगढ़ का समुदाय आत्मनिर्भर और समृद्ध बन सकेगा।

